तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

12 चिंचबोड़ में बाल कैबिनेट का गठन, जान्हवी बनीं पीएम


11 कलेक्टर ने आत्मानंद स्कूल में लगाए पौधे, बच्चों ...




## खबर संक्षेप

### भक्तों को दर्शन देने कल रथ पर निकलेंगे जगत के नाथ

**डौंडीलोहारा।** रथदूज के पावन अवसर पर नगर के श्री राम दरबार मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ जी



अपनी छोटी बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के साथ नगर भ्रमण के लिए रथ पर सवार होकर निकलेंगे। डौंडीलोहारा राजपरिवार द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ जी के लिए नवीन रथ का निर्माण कराया गया है। साथ ही नगर के युवाओं में भी रथयात्रा के लिए अद्भुत उत्साह बना हुआ है। 7 जुलाई को शाम 4 बजे महाप्रभु की आरती के बाद रथयात्रा श्री राम मंदिर प्रांगण से आरंभ होगी। रथयात्रा संजय नगर, बाजार चौक, विवेकानंद चौक, रामनगर, टिकरापारा, ब्राह्मण पारा, सदर लाइन होते हुए सम्पूर्ण नगर भ्रमण करते हुए फिर श्री राम मंदिर प्रांगण पर यात्रा का विश्राम होगा। आयोजन को भव्यता प्रदान करने साउंड सिस्टम लाइट्स इत्यादि आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है। साथ ही नगर की सीताराम मंडली भजन कीर्तन के साथ रथ की अगुवाई करेगी। रथ में विशेष डोर का भी प्रबंध किया जा रहा है, जिससे नगरवासी भी रथ खींचने में अपनी भागीदारी दे सकेंगे। साथ ही नगर के हनुमंत भक्त सेवा समिति द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों को इस आयोजन में शामिल हो कर महाप्रभु के उत्सव को भव्यता प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

### कुरदी में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में शनिवार 6 जुलाई को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### सियनमरा पहुंची खाद्य विभाग की टीम



**बालोद/सिकोसा।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी बालोद भारत भूषण पटेल एवं सुरक्षा अधिकारी गुण्डरदेही संजय कुमार नंद की टीम ग्रामीणों की शिकायत पर सियनमरा पहुंच। वहां किराना स्टोर्स में जांच कर पोलो नड्डा एवं कोकोनट बिस्कुट का सैंपल लिया गया। किसी भी प्रकार का पंजीयन नहीं पाया गया। चूंकि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला के समीप में होने के कारण गुटखा बेचने की अनुमति नहीं दी गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। खाद्य ▸▸| शेष पेज 10 पर

# मरीजों की समस्या के समाधान की पहल, पार्षद खिलेश्वरी ने दान किया इन्वर्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुन्दा

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती होने वाले मरीजों को बिजली गुल होने के कारण होने वाली समस्या से आखिरकार छुटकारा मिल गया। मरीजों की परेशानियों को देखते हुए नगर के एक पार्षद ने इन्वर्टर दान किया है। इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों व कर्मचारियों ने पार्षद का आभार जताया है। गौरलतब है कि मरीजों को बिजली गुल हो जाने से होने वाली समस्या को लेकर हरिभूमि ने 18 जून के अंक में खबर प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था। इस पर शासन प्रशासन तो नींद से नहीं जागा, लेकिन अर्जुन्दा नगर के वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद थिनेश्वरी रोमन सोनकर ने मरीजों की समस्या का समाधान करते हुए इन्वर्टर दान कर मरीजों की समस्या दूर की।



हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद पार्षद ने दूर की समस्या

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली बंद होने से मरीजों को होती है परेशानी

#### दो साल से बंद है सोलर पैनल

जानकारी के मुताबिक बिजली गुल हो जाने से होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से अर्जुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोलर पैनल लगाया गया था। लेकिन वह दो साल से बंद पड़ा है। बताया जा रहा है कि सोलर पैनल में जो बैटरी लगाई गई है, वह चार्ज नहीं होती, जिसके कारण सोलर पैनल महज शोपीस बनकर रह गया है।



#### केवल इमेरजेंसी वार्ड के लिए सुविधा

गौरतलब हो कि इनवर्टर में अधिक वोल्टेज नहीं होने के कारण एक साथ बहुत सारा लाईट व पंखा नहीं चलाया जा सकता और इनवर्टर के माध्यम से एक समय तक ही बिजली सप्लाई की जा सकती है। फिलहाल थोड़ी बहुत राहत मरीजों को इनवर्टर लगने से मिल चुकी है। लेकिन मरीजों की समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो पाया है। मरीजों की समस्या का स्थायी समाधान जनरेटर लगने से ही हो पाएगा।

#### पार्षद खिलेश्वरी ने समझी मरीजों की पीड़ा

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद पार्षद खिलेश्वरी रोमन सोनकर ने मरीजों की पीड़ा समझी। उन्होंने इस दिशा में पहल की और अपनी ओर से इन्वर्टर दान कर मरीजों की बहुत बड़ी समस्या दूर कर दी। इधर पार्षद खिलेश्वरी की पहल को लेकर अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों ▸▸| शेष पेज 10 पर

## पुण्यतिथि : ग्राम अंडा में रहकर कुष्ठरोगियों की सेवा में बिताए थे 10 साल

# क्रांतिवीर सुखदेव राज की पुण्यतिथि पर जुटे लोग, किया याद, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अण्डा में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ व ग्राम पंचायत अण्डा के संयुक्त तत्वावधान में महान क्रांतिकारी सुखदेव राज की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे, अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेवड़ा ने की। सभी अतिथियों तथा उपस्थित लोगों ने क्रांतिकारी सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

आजादी के आंदोलन में शामिल कुछ नाम अमर हो गए, तो कुछ नाम गुमनामी के अंधेरे में खो गए। एक नाम जिसे पूरी दुनिया जानती है सुखदेव। वह सुखदेव थापर थे जो शहीदे आजम भगत सिंह व राजगुरु के साथ फांसी पर झूल गए। उस दौर में एक सुखदेव राज और थे भगत सिंह व चंद्रशेखर आज़ाद के साथी सुखदेव राज। इलाहाबाद के जिस कंपनी बाग में चंद्रशेखर आजाद शहीद हुए थे, उस दिन उनके साथ जो शख़्स बैठा था, वह थे सुखदेव राज, जिनकी समाधि स्थल दुर्ग के अंडा गांव में है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से साहित्यकार गुलवीर सिंह भाटिया सरपंच उमादेवी चंद्राकर भारतीय पेंशनर महासंघ अध्यक्ष बीके वर्मा, बीके शर्मा, केके साहू, सीएल वर्मा, अजीत चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, पुकेश चंद्राकर तिलक चंद्राकर, फेंकू चंद्राकर, बलदाऊ चौहान, यशवंत देवांगन लोकेश देवांगन डीपी चंद्राकर, दीनदयाल साहू, आरके योगी, हेमेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर, पंचायत सचिव रूपेश राजपुत, पुकेश चंद्राकर, प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर सहित शाला के समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





### शहीद चंद्रशेखर आजाद व भगत सिंह के साथी थे सुखदेव राज





#### पुस्तक का किया गया विमोचन

कार्यक्रम के दौरान एक गुमनाम स्वामी क्रान्तिवीर सुखदेव राज पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार जनों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। मंच संचालन त्रेता चंद्राकर और बीके शर्मा ने किया गया।

### विनोबा भावे के कहने पर आए थे दुर्ग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महान क्रांति कारी सुखदेव राज के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुखदेव राज का जन्म 8 दिसंबर 1906 को लाहौर के खत्री परिवार में हुआ था। पढ़ाई के दौरान वे क्रांतिकारी भगवती चरण बोहरा के संपर्क में आए और क्रांतिकारी दल में जुड़ गए।

सुखदेव राज शहीदे आजम भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद के बाद निकटम साथी रहे। क्रांतिकारी आंदोलन में हिस्सा लेने की वजह से वे दो बार पकड़े गए थे। उन्हें दो बार तीन तीन साल की सजा हुई थी। 1931 में अल्फर्ड पार्क से निकलकर वह कहां गए यह किसी को पता नहीं, पर 1963 में वे दुर्ग आ गए। तब वह विनोद भावे के सेवा भावना से प्रेरित होकर उनसे जुड़ चुके थे। विनोबा भावे के कहने पर वे दुर्ग आए।

कोलिहापुरी के चंद्राकर परिवार ने कुष्ठ आश्रम के लिए पांच एकड़ जमीन दी। यहीं रहकर सुखदेव राज कुष्ठ रोगियों की सेवा करते थे। दस साल उन्होंने यहीं रहकर लोगों की सेवा की। दुर्ग स्टेशन रोड स्थित पंचशील स्टूडियो के संस्थापक स्व.राज वर्मा, कोलिहापुरी निवासी स्व.गिरधारी दास मानिकपुरी, छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष रहे मालवीय नगर दुर्ग निवासी स्व. हरभजन सिंह से उनकी गहरी दोस्ती थी। वे अक्सर पंचशील स्टूडियो में आकर बैठा करते थे। 1973 में सुखदेव राज का निधन हो गया।

इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने क्रांतिवीर सुखदेव राज द्वारा किए कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साहित्यकार गुलवीर सिंह भाटिया ने उनके साथ दुर्ग में बिताए समय को याद कर भावुक हो गए और पूरा जीवन वृत्तांत सुनाया। उन्होने कहा कि श्री राज अधिकतर दुर्ग में सदर बाजार के मार्केट में भाटिया जी के साथ बैठते थे।

# तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिला मुख्यालय के व्यस्तम मार्ग में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। शहर के मधु चौक के पास एसबीआई बैंक के नजदीक एक तेज रफ्तार पिकअप चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार युवक को ठोकर मारते हुए फरार हो गया।

- जिला मुख्यालय में मधु चौक के पास हुई दुर्घटना

हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार युवक को पिकअप सड़क में घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गया। इस हादसे में बाइक सवार युवक के सिर में गम्भीर चोटें आई है, वहीं दाहिने पैर की हड्डी टूट गई है। घायल युवक ओमप्रकाश साहू 35 वर्ष नयापारा बालोद का निवासी है। वह किसी काम से मधु चौक की ओर जा रहा था, इस दौरान पिकअप वाहन का चालक उसे ठोकर मारते हुए फरार हो गया। घटना के बाद आस पास के लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां गम्भीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर राजनांदगांव रेफर किया गया।

### जय स्तंभ चौक से मधु चौक तक पार्किंग व्यवस्था खराब

आपको बता दें कि जय स्तंभ चौक से मधु चौक के बीच 5 निजी हॉस्पिटल, 7 अलग अलग बैंक, निजी कम्पनियां, ग्राहक सेवा केंद्र, मेडिकल सहित निजी स्कूल भी इसी मार्ग के किनारे संचालित होते हैं। इसके कारण इस मार्ग पर और खासकर एसबीआई के सामने पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण आवागमन करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यातायात पुलिस को इस मार्ग की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है ताकि आने वाले समय में ऐसे भीषण सड़क हादसों से बचा जा सके।

# नेशनल लोक अदालत 13 को, जिले में भी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर निर्देशानुसार इस वर्ष का द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को आयोजित किया जाना है।

- मामलों के निराकरण के लिए विभिन्न खण्डपीठों का किया गया गठन

इसी अनुक्रम में श्याम लाल नवरत्न, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही एवं दल्लीराजहरा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के द्वारा जिला न्यायालय बालोद में कुल 05 खण्डपीठ एवं तालुका स्तर पर 03 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा एवं गुण्डरदेही में गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में कुल 14 खण्डपीठ एवं जलकर की वसूली हेतु नगर पालिका बालोद में भी खण्डपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण वर्चुवल एवं फिजिकल मोड के माध्यम से किया जावेगा। इस नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रीमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाडा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारें, कब्जे के आधार पर बटंवारा, दंड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामलें, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सुखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक ▸▸| शेष पेज 10 पर

## शिकारी पारा निवासी जागेश्वर ने रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा

# खुर्सीपार में घर की बाड़ी में निकला 6 फुट लंबा अजगर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

मानसून लगते ही जहरीले सांप, बिच्छु सहित अजगर सांप रिहायशी इलाकों में अपना सुरक्षित ठिकाना ढूंढने घरों व बाड़ी के इर्द-गिर्द नजर आने लगे हैं। शुक्रवार की रात जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर ग्राम खुर्सीपार में एक ग्रामीण के घर के पीछे बाड़ी में करीब 6 फुट लंबा एक अजगर सांप दिखा। अजगर सांप अपने आप को सुरक्षित रखने ठिकाना ढूंढ रहा था। अजगर सांप को देखकर घर में रहने वाले लोग दहशत में आ गए, वहीं आस पास के पड़ोसियों में भी हड़कंप मच गया। उसके बाद ग्रामीणों ने शहर के शिकारी पारा निवासी जागेश्वर ढीमर (जग्गू) को इसकी सूचना दी।

जागेश्वर ने तत्काल गांव पहुंचकर अजगर सांप का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा। बता दें कि जागेश्वर अक्सर सांपों का रेस्क्यू निःशुल्क व निःस्वार्थ भाव से करते हैं और लोगों को ऐसे खतरनाक सांपो से बचाते हैं एवं सापो को आम जनता से बचाते है शहरवासियों सहित आसपास के गांव वाले जागेश्वर के इस कार्य की सराहना करते हैं।

### हास्पिटल पहुंचने लगी बिच्छु मारने और सर्पदंश की शिकायत

आपको बता दें कि जिले में हर साल मानसून लगते ही बिच्छु और सांप के काटने के दर्जनों मामले जिला अस्पताल सहित अन्य निजी व ब्लॉक मुख्यालय के अस्पतालों में पहुंचते हैं। हाल ही में जिला अस्पताल में बिच्छु के काटने व सांप डसने की शिकायत लेकर तो मरीज पहुंचे थे, जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया गया।



### मानसून लगते ही जीव जंतु घरों तक देते हैं दस्तक

आपको बता दें कि मानसून सत्र शुरू होते ही सांप, बिच्छु, अजगर सांप सहित अन्य जहरीले कीड़े मकोड़े बारिश होने से बिलों में पानी भर जाने के कारण जमीन की सतह पर आ जाते हैं। उसके बाद अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए नया ठिकाना ढूंढने निकलते हैं। यही वजह है कि वे रिहायशी इलाकों में पहुंचकर घरों में भी प्रवेश करके खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। ऐसे में अगर कोई उसके नजदीक जाने या छेड़ने की कोशिश करते हैं, तो उन पर हमला भी कर देते हैं।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**

## तीन प्राचार्यों को मिला इंस्पायरिंग एजूकेशन हीरो अवार्ड



**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए शहर के तीन प्राचार्यों को पिछले दिनों एजूकेशन ग्लोबल नेटवर्क ने गीतम यूनिवर्सिटी विशाखापट्टनम में आयोजित देश के प्रतिष्ठित स्कूलों के प्राचार्यों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया। पुरस्कृत प्राचार्यों ने गुरुवार को राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से सौजन्य भेंट की तथा अपनी उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया और खुशियां साझा कीं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल की प्राचार्या सौम्या रघुवीर, स्कॉलर्स स्कूल की प्राचार्या नीता अवस्थी और वाइकन स्कूल की प्राचार्या रम्पी बरार ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एजूकेशन ग्लोबल नेटवर्क एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो शिक्षा के क्षेत्र में नए तकनीक का प्रयोग, सीखने-सिखाने के नए तरीकों के लिए तथा दुनियाभर में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयोगों के लिए अनुसंधान कार्य करती है तथा सालभर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन तथा कार्यशाला आयोजित करती है।

## कौशल्या साय ने देखा मोर बाई हाई फाई का ट्रेलर, फिल्म को सराहा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित फिल्म मोर बाई हाई फाई 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय ने फिल्म का ट्रेलर देखा और इसकी जमकर तारीफ की। मोर बाई हाई फाई फिल्म के निर्माता और नायक प्रकाश अवस्थी हैं, जबकि नायिका सृष्टि देवांगन हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश लहरी ने किया है। फिल्म में योगेश अग्रवाल, क्रांति दीक्षित, राजू पाण्डेय, दीपाली पांडेय, नैनी तिवारी, अनुपम वर्मा, प्रमिला रात्रे, देवेंद्र पांडेय, घनश्याम वर्मा, लता राही, वर्षा बर्मन, आनंद साहू, विजय मिश्रा, आयशा, लकी रघुवंशी समेत कई कलाकार भी हैं।

## चैंबर ने ई-वे बिल यथावत रखने लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चैंबर ने पत्र प्रेषित कर चीफ कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी भोपाल सीपी गोयल को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने की मांग की है। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि संबंधित पत्र के माध्यम से ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं की जानकारी दी गई। इस संबंध में राज्य जीएसटी आयुक्त एवं सेंट्रल जीएसटी आयुक्त को भी अधिसूचना पर पुनः विचार करने पत्र भेजा गया है।

# डीसी सेंटर से समन्वय बगैर स्मार्ट मीटर लगाने से रीडिंग करने में आ रहा लोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम करने वाली टाटा कंपनी के कर्मचारी डीडी नगर सहित कुछ क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रहे हैं। इसको लगाने से पहले डीसी सेंटर से समन्वय न होने कारण अब रीडिंग को लेकर परेशानी हो रही है।

पुराने और नए मीटर के डाटा के कारण रीडिंग कैसे होगी इसको लेकर रीडर परेशान हैं। ऐसे में डीसी सेंटरों ने साफ कह दिया है कि जहां पर रीडिंग हो जा रही है, वहीं की जानकारी लेने के बाद ही वहां पर मीटर बदलने का काम करें। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो नए और पुराने मीटरों की रीडिंग में फंसकर उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डीडी नगर में नए मीटर लगने के कारण एक तारीख से प्रारंभ होने वाली रीडिंग विलंब से प्रारंभ हुई है। केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश में 54 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी ने लिया है। राजधानी रायपुर के साथ संभाग में ज्यादातर जिलों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। घरेलू के साथ गैर घरेलू उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं।

**ठेका लेने वाली कंपनी के कर्मचारी धड़ाधड़ कभी भी बदल रहे कहीं के भी मीटर**



### अब रीडिंग होने के बाद बदलेंगे मीटर

जिन क्षेत्रों में रीडिंग पूरी हो जाएगी, वहां से ही मीटर बदलने का काम करने के लिए टाटा कंपनी से कहा गया है, ताकि किसी भी तरह की परेशानी से बचा सके।

- **राजेंद्र प्रसाद,** सीई, स्मार्ट मीटर योजना

### डाटा को लेकर परेशानी

डीडी नगर में अब तक एक हजार से ज्यादा पुराने मीटर निकालकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। जिन उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदले गए हैं, उनका पुराना डाटा डीसी सेंटर में मीटर लगाने वाली कंपनी ने समय पर उपलब्ध नहीं कराया है, इसकी वजह से एक तारीख को प्रारंभ होने वाली रीडिंग जहां प्रारंभ नहीं हो सकी है, वहीं इस बात को लेकर बड़ी परेशानी हो रही है कि पुराने मीटरों को माह के बीच में बदलने के कारण अब पुरानी और नई रीडिंग के बीच के तीस दिनों की गणना कैसे होगी। स्पॉट रीडिंग में पुराने रीडिंग और नई रीडिंग को देखकर एक माह का बिल बनता है। स्पॉट बिलिंग करने वाले रीडरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, दो रीडिंग ही स्पॉट बिलिंग की मशीन में दर्ज होती है, लेकिन स्मार्ट मीटर माह के बीच में लगने के बाद अब पुरानी रीडिंग, जब मीटर बदला गया उस समय की रीडिंग और नए मीटर की रीडिंग को मिलाकर तीन तरह की रीडिंग होने के कारण इसका स्टॉप बिलिंग की मशीन में दर्ज हो पाना ही संभव नहीं है। ऐसे में अब रीडिंग कैसे होगी इसको लेकर रीडर परेशानी में हैं। डीसी सेंटर के अधिकारी इसका हल निकालने के प्रयास में हैं। तीन रीडिंग के लिए मैनुअल तरीका अपनाना पड़ सकता है। पॉवर कंपनी के ही अधिकारी ही कह रहे हैं, अगर पुराने और नए मीटर के रीडिंग के बीच में किसी कारणवश गलत रीडिंग दर्ज हो गई तो इसका खामियाजा भी उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा।

### तात्यापारा से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण की मांग

# महापौर और कांग्रेसी पार्षदों ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर किया पैदल मार्च




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को महापौर एजाज ढेबर सहित कांग्रेस पार्षद सड़क पर उतरे। सड़क चौड़ीकरण की मांग करते हुए पार्षद दल ने नगर निगम से जयस्तंभ चौक तक पैदल मार्च कर ध्यान आकर्षित कराया। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि पिछली सरकार ने लोक निर्माण विभाग को सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का बजट दिया है। टोकन के तौर पर 4 करोड़ दिये जा चुके हैं। इसके बाद भी राज्य सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही।

महापौर एजाज ढेबर, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, सभापति प्रमोद दुबे और कांग्रेसी पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय से जयस्तंभ चौक तक पैदल यात्रा की। वे लोक निर्माण विभाग से शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण अविलंब शुरू करने की मांग करने सड़क पर उतरे। इससे पहले कांग्रेस पार्षद दल ने नगरीय निकाय और लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाकात की थी। महापौर ने उप मुख्यमंत्री से सड़क चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत फंड को जारी करने और लोक निर्माण एजेंसी से सड़क चौड़ीकरण का काम नगर निगम को देले की मांग की थी। श्री ढेबर ने कहा कि दलगत राजनीति से उठकर जनहित में रायपुर शहर के बारे में विचार करना चाहिए। सड़क चौड़ीकरण करने से जहां सुगम आवागमन में आसानी होगी। वहीं आसपास के व्यापारियों ट्रेफिक जाम से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

### 19 साल पहले बना था चौड़ीकरण का प्रस्ताव

शहर के लाइफ लाइन माने जाने वाले तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव 19 साल पहले बनाया गया था। पूर्व महापौर सुनील सोनी के कार्यकाल में उस समय पहले फेज में आमापारा से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण हुआ। दूसरे फेज में तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव रहा। पर दूसरे फेज का काम शुरू होने से पहले निगम में सत्ता बदल गई। सुनील सोनी की जगही किरणमयी नायक महापौर बनी। किरणमयी के बाद प्रमोद दुबे महापौर बने। इस दौरान कई बार दूसरे फेज यानी तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। मुआवजे को लेकर नगर निगम और राज्य शासन के बीच सहमति नहीं बन पाई। निगम चुनाव से पहले एक बार फिर तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मामला चर्चा में है। पैदल मार्च में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, रितेश त्रिपाठी, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, पूर्व पार्षद राकेश धोतरे, जितेन्द्र अग्रवाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

### सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

# महावीर नगर सहयोग पार्क के पास जलभराव, रहवासी बिफरे



- जोन कमिश्नर के नाम सौंपा ज्ञापन
- सड़क मरम्मत की मांग, निकास नाली की व्यवस्था सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के रानी दुर्गावती वार्ड स्थित शारदा विहार महावीर नगर के रहवासियों ने जलभराव की समस्या को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन किया। रहवासी निकास नाली की व्यवस्था सुधारने और खस्ता हाल सड़क की मरम्मत की मांग करने सड़क पर उतरे। निगम प्रशासन का ध्यान जलभराव की समस्या के प्रति आकर्षित कराने उन्होंने सड़क जाम कर विरोध जताया। प्रभावित बस्ती के रहवासी संजय नागर ने बताया, जलभराव की समस्या को लेकर जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है।

शहर में जलभराव की समस्या को लेकर प्रभावित इलाकों के रहवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। महावीर नगर के सहयोग पार्क वाली सड़क खस्ता हाल होने के साथ ही लोगों के घरों के सामने गंदा पानी भरने से लोग परेशान हैं। सूत्रों के मुताबिक बुधवार को हुई बारिश में सड़क पर जलभराव होने और जगह-जगह गड्ढा होने से एक व्यक्ति चोटिल हो गया। सड़क मरम्मत की मांग वार्डवासी पार्षद से भी कर चुके हैं, पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई। इससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है। सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने निकास नाली की समस्या दूर करने नारेबाजी की।

वार्ड पार्षद सहदेव व्यवहार का कहना है, महावीर नगर में रोड बनाने का प्रपोजल जोन 10 में भेजा गया है। ग्राम पंचायत के समय में बनी सड़क है। हमने पहले तत्कालीन निगम कमिश्नर और अब वर्तमान निगम कमिश्नर को इस स्थिति से अवगत करा दिया है।

### जल भराव की समस्या दूर होगी

महावीर नगर में सड़क पर गंदा पानी भरने और निकास नाली की समस्या के प्रति लोगों ने ध्यान आकर्षित कराया है। जल भराव की समस्या को प्रमुखता से दूर किया जायेगा।

**-रमेश जायसवाल जोन कमिश्नर,** जोन क्रमांक 10, नगर निगम रायपुर

### घटना की हो सीबीआई जांच, नहीं तो दिल्ली में प्रदर्शन

# भीम आर्मी प्रमुख ने कहा- निर्दोष लोगों को पीटा जा रहा

- राज्यपाल से मिलकर बलौदाबाजार की घटना पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा, बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों पर जुल्म हो रहा है। इस जुल्म को हम लोग नहीं सहेंगे, इसलिए हम यहां आए हैं। कल सदन खत्म हुआ है और आज मैं छत्तीसगढ़ में हूं। छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के लोगों पर जुल्म किया जा रहा है। सतनामी समाज बहुत न्यायप्रिय और हिंसा में विश्वास नहीं करने वाला है। षड्यंत्र करके उनको टारगेट किया जा रहा है। मैं उसके खिलाफ हूं। राजधानी रायपुर पहुंचने के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से मुलाकात की और बलौदाबाजार हिंसा मामले को संज्ञान में लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा, इस घटना के बाद जिलाधिकारी और एसपी हटाए गए हैं। यानी कि उन लोगों ने लापरवाही बरती थी। उनकी गलती नहीं होती, तो क्यों हटाते? उन्होंने गलती की, उनकी लापरवाही से इंटेलिजेंस फेल हुआ है। उनसे कोई बातचीत नहीं की गई, उसका परिणाम है। लंबे समय से सतनामी समाज की आस्थाओं से खिलवाड़ हो रहा है। एक महीने पहले से वह ज्ञापन दे रहे हैं। सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। हमारे आस्था का सम्मान नहीं हो रहा है। घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए। किसी जाति, किसी धर्म का हो उस पर कार्रवाई हो। निर्दोष लोगों को पीटा जा रहा है। सतनामी समाज और भीम आर्मी के जो नौजवान हैं, उनको पीटा जाएगा, तो यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### सही जांच न होने पर दिल्ली में करेंगे आवाज बुलंद

भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा, दिल्ली में हम आवाज उठाएंगे। हम छत्तीसगढ़ सदन और गृहमंत्री भवन का घेराव करेंगे। सरकार संज्ञान ले, जिनको बचाना चाहती है। उनको बचाने के बजाय इस बड़ी घटना के पीछे जो और बड़े घोटाले को दबाने का प्रयास सरकार कर रही है। वह नहीं होना चाहिए।

### सरकार अपने गिरेबान में झांके

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के क्रेडिट लेने राजनीति दल कर रहे बयानबाजी वाले बयान पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा, तो सरकार जुल्म करना बंद कर दे। सरकार अपने गिरेबान में झांककर देखे। घासीदास को मानने वाले पूरे देश में रहते हैं। सरकार का यह फेलियर है। सरकार आस्था का सम्मान करने में फेल हुई, लोगों को प्रोटेक्ट करने में फेल हुई। सरकार को जवाब देना होगा।

# 10 ट्रेनों की 20 पार्सल बोगी को लीज पर देगा रेलवे ई-निविदा में व्यापारियों के बीच दिखेगी प्रतिस्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामान को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी व एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेलवे की पार्सल सेवा छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए छोटे व बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल, माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंडल से चलने वाली 10 ट्रेनों की 20 पार्सल बोगी को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर ई-निविदा 5 जुलाई को जारी होगी। पार्सल बोगी लीज आबंटन की प्रक्रिया 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से की जाएगी। इस ई-निविदा के लिए वेबसाइट पर सभी इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकते हैं, जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर अर्थात डीएससी है ।





- आज जारी होगी ई-निविदा, 19 जुलाई को आबंटन की प्रक्रिया
- माल ढुलाई करने व्यापारियों को लीज पर मिलेगी पार्सल बोगी

### नर्मदा समेत बीकानेर और निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस की बोगी लीज पर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 18247 बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस, 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस, 22407 अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस एवं 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस सहित 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी को लीज पर दिए जाने ई-निविदा जारी की जा रही है। लीज होल्डर को गाड़ी के प्रारम्भिक स्टेशन के साथ-साथ यात्रा मार्ग के सभी पार्सल आधारित स्टेशनों में पार्सल लोडिंग व अनलोडिंग की सुविधा भी प्राप्त होती है।

### पार्सल आफिस में सामान की खुली नीलामी 10 को

पार्सल आफिस में रखे हुए असंबद्ध व गैरसुपुर्द उपयोगी सामान की खुली नीलामी समय-समय पर की जा रही है। इसी संदर्भ में सामान की अगली खुली नीलामी 10 जुलाई 2024 बुधवार को प्रातः 11 बजे से बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में किया जाएगा। नीलामी की जाने वाली सामानों में डीप फ्रीजर, ट्रालीबैग, पानी व कोल्डड्रिंक की बोतलें शामिल हैं । इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस खुली नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी में भाग लेने हेतु निश्चित परिचयपत्र (आईडी) के साथ 10 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से पहले बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में उपस्थित हो सकते हैं।

### मुआवजा प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने पर विचार

# कोरबा, रायगढ़ की कोल परियोजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में कोयला मंत्रालय भारत सरकार से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीना और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन की मौजूदगी में मंत्रालय महानदी भवन में केन्द्र शासन और छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा और रायगढ़ जिले में संचालित कोल परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कोल परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन सहित मुआवजा को लेकर कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टर और साउथ ईस्ट कोल फिल्ड लिमिटेड के अधिकारी के बीच सकारात्मक विमर्श हुआ। बैठक में साउथ ईस्ट कोल फिल्ड लिमिटेड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उत्पादित कोल सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए कोल वितरण के संबंध में भी व्यापक चर्चा हुई।

**कोल उत्पादन लगातार होना जरूरी:** कोयला मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अमृतलाल मीना ने अधिकारियों से कहा कि कोल खदानों में कोल उत्पादन लगातार होना बहुत जरूरी है। कोयले से देश की ऊर्जा सहित अन्य विकास परियोजनाएं निर्भर रहती है। कोल खनन के लिए वन, राजस्व और निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग जरूरी है। भूमि अधिग्रहण के लिए नियमानुसार मुआवजा प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाया जाना चाहिए। इसी तरह से भूमि अधिग्रहण के लिए वन, आवास एवं पर्यावरण सहित अन्य आवश्यक क्लियरेंस के प्रकरणों के निराकरण के लिए कोल फिल्ड लिमिटेड वन, आवास एवं पर्यावरण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर के लिए भी भू-अर्जन के प्रकरणों को तत्परता से निराकरण के लिए भी आवश्यक कदम उठाएं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, पीसीसीएफ सुनील मिश्रा, ऊर्जा एवं खनिज विभाग तथा मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल आर.संगीता सहित साउथ ईस्ट कोल फिल्ड्स लिमिटेड, छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल लिमिटेड, कलेक्टर कोरबा, रायगढ़ और सरगुजा सहित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए।

पेज 9 के शेष

### मरीजों की समस्या के ...

कर्मचारियों व मरीजों ने उनका आभार जताया और पार्षद खिलेश्वरी के पहल की प्रशंसा की।

**बारिश के दिनों में जहरीले जीव जंतुओं का खतरा:** अर्जुन्दा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी समस्या के कारण मरीज वहां अपने इलाज के लिए पहुंचते हैं। कई मरीजों की परेशानियों का तत्काल समाधान नहीं होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। ऐसे में कई बार अस्पताल में बिजली गुल हो जाने से मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी से मरीजों का बुरा हाल हो जाता है, तो वहीं बारिश के दिनों में मरीजों को जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है।

**मरीजों की समस्या पर प्रशासन मौन:** गौरतलब है कि अभी बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में रात के समय में बिजली बंद हो जाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा में भर्ती मरीजों को काफी समस्या होती है। यह समस्या पिछले दो सालों से बरकरार है। कई बार अस्पताल प्रबंधन की ओर से विभागीय तौर पर पत्र लिखकर जनरेटर की मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक शासन प्रशासन मौन है। जनरेटर को लेकर किसी तरह से प्रयास नहीं किया गया और मरीजों को होने वाली समस्या बरकरार थी।

### नेशनल लोक अदालत ...

अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाएगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर ने बताया कि जिस किसी भी पक्षकार का जिला न्यायालय बालोद, व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही, दल्लीराजहरा एवं डौण्डीलोहारा में एवं बालोद जिले के किसी भी राजस्व न्यायालय में मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में अपने मामलों का निराकरण करवा सकते हैं।

### सियनमरा पहुंची ...

एवं औषधि प्रशासन, बलोद एव गुण्डरदेही, कर्मचारी द्वारा निरीक्षण किया गया। साथ ही खाद्य पदार्थ का नमूना संकलित कर जांच लिए भेजा गया। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान मौके पर पाए गए अमानक खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया। एक सप्ताह की भीतर पंजीयन करने के लिए कहा गया। खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त कर खाद्य कारोबार का संचालन करने एवं स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया गया।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने छात्रावास का किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने बालोद विकासखंड के प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास पीपरछेड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के विद्यार्थियों से चर्चा कर अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था एवं छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। चंद्रवाल ने बच्चों से उन्हें प्रदान की जाने वाले भोजन, नाश्ता, शुद्ध पेयजल तथा गद्दे, चादर आदि की उपलब्धता के अलावा छात्रावास के शौचालय, स्नानागार आदि सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के अध्ययन कक्ष, शौचालय, स्नानागार आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने की सीख भी दी। चंद्रवाल ने छात्रावास के विद्यार्थियों को नोटबुक भी भेंट किया। उसके बाद विद्यार्थियों के साथ छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया।

### कंपनी का दावा, ईडीटीए ट्यूब की कीमत 25-30 रुपए, सप्लाई नियमानुसार

**रायपुर।** सीजीएमएससी को सप्लाई की गई दवाइयों की कीमत और मात्रा को लेकर लगे आरोपों के बीच संबंधित कंपनी मोक्षित कार्पोरेशन ने दावा किया है कि उसने सही और निर्धारित दाम पर ही सामग्री की सप्लाई की है। कारपोरेशन का कहना है कि सीजीएमएससी की वेबसाइट में सप्लाई की गई सामग्री ईडीटीए ट्यूब का विवरण प्रति पैकेट के आधार पर लिखा गया है, इसलिए कीमत 2300 से 3000 दर्ज है, जबकि एक पैकेट में 100 नग होते हैं, इस लिहाज से उसकी कीमत 25 से 30 रुपए ही होती है। कंपनी ने कागजों में सप्लाई की बात को यह कहकर गलत ठहराया है कि शासन के जिम्मेदार अफसरों के भौतिक सत्यापन के बाद ही सामग्री की सप्लाई की गई है। कंपनी प्रबंधन ने यह भी कहा कि उनका पूरा काम पारदर्शी तरीके से होता है। प्रतिस्पर्धी एक-दूसरे के दस्तावेज देख सकते हैं।

### विरागसागर गुरुदेव की समाधि

**रायपुर।** पूज्य आचार्य श्री विरागसागरजी गुरुदेव की समाधि 4 जुलाई की रात 2.30 बजे हो गई। उनका अंतिम डोला सुबह ठीक 11 बजे महाराष्ट्र के अक्षय मंगल कार्यलय, देवमूर्ति ग्राम, सिंदखेड राजा रोड जालना से एक किमी दूरी पर पाटनी फार्म परिसर से निकाली गई। बड़ी संख्या में उनके रायपुर में भी अनुनायी हैं। रायपुर जैन समाज द्वारा सभी दिगंबर जैन मंदिरों में आचार्यश्री की सद्गति के लिए शांतिधारा पूजन एवं विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

### एक दर्जन टीआई, पुलिसकर्मी चुने गए कॉप ऑफ द मंथ

**रायपुर।** उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के एक दर्जन टीआई, एसआई, एएसआई तथा अन्य पुलिसकर्मी जून माह के लिए कॉप ऑफ द मंथ चुने गए हैं। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन आरक्षकों को एसएसपी संतोष सिंह ने निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है।

---

जायजा : कलेक्टर चंद्रवाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को किया प्रेरित

# कोई भी कार्य असंभव नहीं, जरूरत है दृढ़ इच्छा शक्ति और लक्ष्य के प्रति समर्पण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- विद्यालय का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

जवाहर नवोदय विद्यालय में पहुँचने पर विद्यार्थियों के द्वारा कलेक्टर चन्द्रवाल का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने अध्ययन–अध्यापन, विद्यार्थियों के आवासीय एवं भोजन व्यवस्था, इलाज एवं विद्यार्थियों के लिए खेल इत्यादि संपूर्ण व्यवस्थाओं का बारिकी से मुआयना किया। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों से जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वीकृत कुल सीट एवं विद्यार्थियों के कुल दर्ज संख्या आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

इस दौरान चन्द्रवाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में पहुँचकर अध्ययन–अध्यापन के कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से अंग्रेजी, गणित, जीव विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान आदि उनके पसंदीदा विषय के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों से उनके द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के संबंध में भी जानकारी ली। नवोदय विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने आईएएस एवं डॉक्टर बनने की बात कही। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को समझाइश देते हुए कहा कि दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि बस आवश्यकता है दृढ़ इच्छा शक्ति एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण की। चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारण करने तथा उसे पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हो जाने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय भौतिक एवं रसायन प्रयोगशाला, स्टोर रूम, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु विद्यालय में स्थापित चिकित्सा कक्ष आदि का बारी–बारी से अवलोकन किया। श्री चन्द्रवाल ने विद्यालय परिसर में स्थित भोजनालय कक्ष का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों से विद्यार्थियों के भोजन एवं आवासीय व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।



**स्काउट-गाइड का बढ़ाया उत्साह**

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने विद्यालय परिसर में 05 से 09 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय स्काउट–गाइड के तृतीय प्रशिक्षण शिविर में भी शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को स्काउट–गाइड के कार्य, उद्देश्य एवं महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट–गाइड के उद्देश्यों के आधार पर 05 दिनों के इस शिविर में नेक चीज हासिल करने की सीख भी दी।

---

## समय-सीमा में करें समस्याओं का निराकरण : सीईओ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खनिज विभाग, वाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी, क्रेडा विभाग, समाज कल्याण विभाग, उद्यानिक विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारी संस्था, श्रम विभाग, जिला अत्यांव्यवसायी विभाग, जिला सहकारी विभाग, मुख्यमंत्री कौशल विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, आयुर्वेद विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डीएमओ मार्कफेड, आबकारी विभाग एवं राष्ट्रीय राज मार्ग (एडीबी प्रोजेक्ट) विभागों की समीक्षा की गई।

- जिला पंचायत की सामान्य सभा में सीईओ ने दिए निर्देश

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा जनहित के मांगों एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण के संबंध में प्रस्ताव भी दिए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को समय–सीमा में दूर करने के निर्देश दिए।

---

## भारतीय किसान संघ गुण्डरदेही की नई कार्यकारिणी गठित



**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ ब्लाक गुण्डरदेही की बैठक परिक्षेत्र साहू भवन कलंगपुर में आयोजित की गई।

जहां संघ के नये पदाधिकारी का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री सहित सदस्यों का नया चयन किया गया। बोदल निवासी ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष एवं ग्राम फुण्डा निवासी चमरु राम साहू, उपाध्यक्ष रोशन चतुर्वेदी, मंत्री मनहरन साहू एवं सदस्यगण में खुमुराम मरकाम, बुधारु राम साहू, निहाल सिंह साहू, नेतराम साहू, हेमंत श्रीवास, रुपेश कतलम, गंगा राम साहू, राम नारायण सिन्हा, भोज राम साहू, देवेन्द्र कुमार, वेदराम, सुफल कुलहारे, रविप्रकाश सिन्हा शामिल है, गुण्डरदेही ब्लाक संयोजक सांवत राम साहू एवं चयन कर्ता अखिल भारतीय किसान संघ से डॉ विशाल चंद्राकर व टिकेन्द चंद्राकर के द्वारा पदाधिकारियों का चयन किया गया।

---

## लोकसभा चुनाव के बाद भी माताओं के खाते में आ रही राशि, कांग्रेस माफी मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादे के मुताबिक महतारी वंदन योजना की पांचवी किस्त 1 जुलाई को माताओं के खाते में पहुंची है। इसके लिए नगर के युवा भाजपा नेता लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया है।



- लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने कांग्रेस पर लगाया अफवाह फैलाने का आरोप

साथ ही उन्होंने कांग्रेसियों को जनता से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेसी यह अफवाह फैला रहे थे कि लोकसभा चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना का पैसा नहीं मिलेगा। लेकिन, लोकसभा चुनाव और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने के बाद भी छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की राशि एक हजार माताओं के खाते में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अब जबकि महिलाओं के खाते में राशि लगातार आ रही है, तो भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस के नेताओं को जनता से माफी मांगनी चाहिए। युवराज श्री टेकाम ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस में फर्क यही है कि भाजपा जो कहती है उसे जरूर पूरा करती है, जबकि कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में कई ऐसी घोषणाएं हुईं, जिन पर अमल ही नहीं किया गया।

---

## बालोद मंडल के प्रत्येक बूथ में लगाए जाएंगे 10 पौधे, रवाना हुआ वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिलाध्यक्ष पवन साहू ने ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद से मंडल के प्रत्येक बूथ के लिए 10 पौधा के लिए गाड़ी को गंगा मैया मंदिर प्रांगण से भाजपा का झंडा दिखाकर रवाना किया। मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू के निर्देशन पर 102 बूथ के लिए 1020 पौधों.की गाड़ी रवाना की।

- जिलाध्यक्ष पवन साहू ने 1020 पौधों से भरे वाहन को दिखाई झंडी



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में 23 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे उपलब्ध कराकर बूथ में भेजे गए। इस अभियान के तहत झलमला के बस स्टैंड पर पौधारोपण किया गया। वहीं मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू ने अपील किये की सभी लोग मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे और इसकी देखरेख, रख रखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें, ऐसे स्कूल जहां अहाता है, उनके किनारे–किनारे छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन लगाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन साहू के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जिला महामंत्री राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष छगन देशमुख, पालक ठाकुर, प्रकाश नाहर, सुरेंद्र देशमुख, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, जिला महामंत्री किसान मोर्चा मनोहर सिन्हा, वरिष्ठ नेता अशवन बारले, ग्रामीण मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू सहित बिरेन्द्र साहू, अरुण साहू, सतानन्द साहू, मोहनी देवांगन, महेश पटेल, सुकदेव साहू उपस्थित थे।

---

## नेशनल स्कूल गेम्स की रजत पदक विजेता हेमा का कलेक्टर चंद्रवाल ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने कक्ष में नेशनल स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जिले के एकमात्र रजत पदक विजेता वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी हेमा मण्डावी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य के बीकानेर शहर में नेशनल स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालोद जिले से हेमा मण्डावी एवं भारती साहू सहित केवल दो ही खिलाड़ी शामिल हुए थे।

उनमें से हेमा मण्डावी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। कलेक्टर चन्द्रवाल ने हेमा की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सराहना करते हुए इसे पूरे जिले के लिए गौरव बताया। उल्लेखनीय है कि हेमा मण्डावी ने विगत वर्ष कर्नाटक राज्य के बैंगलूरू शहर में आयोजित खेलों वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शामिल होकर कांस्य पदक जीता था।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने हेमा मण्डावी और भारती साहू सहित मौके पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों से बातचीत कर जिले में वेट लिफ्टिंग खेल की संभावनाओं के संबंध में जानकारी ली।

---

## शीघ्र पूर्ण करें पीएम आवासों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

- योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिपं सीईओ ने दिए निर्देश



उन्होंने सभी जिले में चल रहे सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में पूर्णता के लिए शेष कुल 1443 आवासों की जनपद पंचायतवार जानकारी ली। डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में तृतीय किशत प्राप्त कुल 384 आवासों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए लक्ष्य आबंटित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों के बैंक लिंकेज कार्य के संबंध में 10 जुलाई तक 70 प्रतिशत प्रकरण बैंको में प्रेषित कर 50 प्रतिशत प्रकरण वितरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### जियो और अन्य सिम के रीचार्ज में वृद्धि से भाजपा का असली चरित्र उजागर

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, केन्द्र में सरकार बनते ही पिछले 10 साल तक जिस प्रकार महंगाई बढ़ाने का काम भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया, उसी कार्य को पुनः लगता है जारी रखेंगे, क्योंकि आज गरीब एवं मध्य वर्ग परिवार के लगभग हर सदस्य के पास मोबाइल होता है और उसी मोबाईल से उनको जीवन-यापन करने में सहायता मिलती है। जियो और अन्य कंपनी के सिम के रीचार्जो में वृद्धि कर भाजपा का असली चरित्र उजागर हो गया है। उन्होंने कहा, मोबाइल कंपनियों द्वारा अपनी दर को बढ़ाना गरीबों के पेट पर लात मारने के समान है और केन्द्र सरकार की इस पर चुप्पी समझ से परे है। उन्होंने कहा, जियो और एयरटेल के रीचार्ज 25 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं।

---

**मंहगी बिजली और कटौती के विरोध में 8 को कांग्रेस का प्रदर्शन : रायपुर।** बिजली दामों मे बढ़ोतरी और लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में 8 जुलाई को कांग्रेस का एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन सभी जिला ब्लॉक मुख्यालय में होगा।

---

## दुधली पॉलीटेक्निक परिसर में किया गया पौधारोपण

**बालोद।** जिले में चलाए जा रहे सघन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, वनमण्डलाधिकारी बलभद्र सरोटे सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक परिसर में पौधारोपण किया।



इस दौरान कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को मनुष्य सहित संपूर्ण जीव, जगत के लिए वनों के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने वनों की सुरक्षा को मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए विद्यार्थियों सहित उपस्थित लोगों को वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने पॉलिटेक्निक परिसर का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार गोविंद सिन्हा एवं ग्राम पंचायत दुधली के सरपंच, शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य सहित उपस्थित लोगों ने भी पौधरोपण किया।

---




**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
फार्म - अ
सार्वजनिक सूचना (नियम-6 देखिये)


सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक ढीलू कुमार आ. श्री सुखराम साहू, जाति तेली, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम बोरी, तह. मार्री बंगला देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका गायत्री आ. श्री रमेश कुमार, जाति तेली, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम खपरी (ब) तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2005 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 26/07/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा ।

**अगामी तिथि - 26/07/2024**

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी,
जिला बालोद (छ.ग.)



## खबर संक्षेप



### सेक्टर-9 कार्मिकों को मिला कर्म शिरोणि

**भिलाई।** सेक्टर 9 हास्पिटल में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट राजेश्वरी, स्टाफ नर्स जे.मूर्ति, एम.विजया राज, मास्टर ओसीटीमोहिंदर कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त सीएमओ मीनाक्षी दवे, जीएम शाहिद अहमद, व अनिरुद्ध मैने, एसअब्राहम, जीएम आर. रंजनी आदि उपस्थि थे।

### युवक पर किया हमला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलापफ पुलिस ने धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कोसानाला निवासी मौहित वैद्य बबलू निषाद पुरानी बातो को लेकर गाली गलौज कर रहा था। जिसका विरोध करने पर धारदार चाकू से नवीन उर्फ बबलू निषाद ने हमला कर दिया। घटना में बांये हाथ के हथेली, उंगुली में चोट आई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर आरोपी बबलू निषाद को सुपेला क्षेत्र में घूमते हुए घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर हमला करना स्वीकार किया।

### छलांग लगने वाले सटोरिया की मौत

**भिलाई।** ऑनलाइन महादेव सट्टा एप्प के कार्रवाई के दौरान पुलिस को देख तीसरे माले से छलांग लगाने वाले युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। युवक का नाम वैशाली नगर कैम्प 1 निवासी सुजीत कुमार साव है। मिली जानकारी के मुताबिक सात दिन पहले एसीसीयू की टीम को महादेव सट्टे से जुडे युवको के बारे में जानकारी मिली थी कि हैदराबाद में पैनल चलाया जा रहा है। पुलिस तुरंत अपनी टीम के साथ हैदराबाद के तेलंगाना में स्थित सोई ऐमू रेसीडेंसी गोली डोडी स्थित 303 किराए के मकान में दबिश दिया। पैनल संचालक सुजीत साव पुलिस को देख तीसरे माले से बचाने के लिए छलांग लगा दी। घटना में सुजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान सुजीत की मौत हो गई। मृतक तेलंगाना में महादेव ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत 7 युवकों को गिरफ्तार कर भिलाई लाई थी। सटोरियों के पास से पुलिस लैपटाप,मोबाइल फोन, सट्टे का लेखा जेखा, बैंक खाते, एटीएम जब्त किया था।

### ग्रापं में चलाया जा रहा है बीज उपचार पखवाड़ा

**दुर्ग।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा 26 जून से 10 जुलाई तक ग्राम पंचायत स्तर पर बीज उपचार पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें बीज उपचार करने की प्रक्रिया बताई जा रही है। इस उपचार से बीज की बचत, भूमि के अंदर हानिकारक कीटों और बीमारियों से बीज की सुरक्षा होगी।

**आयोजन :** जिले में चलाए जा रहे सघन पौधारोपण अभियान के तहत जगह-जगह लगाए जा रहे पौधे

# कलेक्टर ने आत्मानंद स्कूल में लगाए पौधे, बच्चों को समझाया इसका महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने जिले में चलाए जा रहे सघन पौधारोपण अभियान अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ में बच्चों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर चंद्रवाल ने मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को संपूर्ण जीव–जगत के लिए पेड़–पौधों का महत्व एवं उसके उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने कलेक्टर चंद्रवाल को नीम, मुनगा आदि वृक्षों के औषधीय गुणों के संबंध में जानकारी दी। चंद्रवाल ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को अनिवार्य रूप से पौधारोपण करने तथा उनकी समुचित देखभाल भी सुश्चित करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चंद्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय के क्लास रूम के अलावा आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया।

### बच्चों से पूछे सवाल

कलेक्टर चंद्रवाल ने क्लास रूम में पहुंचकर विद्यार्थियों से गणित एवं विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे। कलेक्टर द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विद्यार्थियों ने सही–सही उत्तर दिया। इस पर उन्होंने प्रसन्नता जताई। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को खूब मेहनत कर जीवन में उपलब्धि हासिल कर अपने माता–पिता, परिवार एवं संस्थान का नाम रौशन करने कहा। चंद्रवाल ने मौके पर उपस्थित सीएल सिन्हा एवं अन्य शिक्षकों से विद्यालय के अध्ययन–अध्यापन व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस कार्य में विद्यार्थियों की भी अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करने कहा।





## भटगांव में लगाए गए 400 पौधे

**बालोद/कलंगपुर।** समीपस्थ ग्राम पंचायत भटगांव के सरपंच भीखाराम साहू के नेतृत्व में सभी पंचों व बूथ संयोजक अध्यक्ष एवं ग्राम के जिम्मेदार ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन अहाता के अंदर लगभग 400 फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर उनके देख-रेख एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। इसमें फलदार पौधों में आम कटहल रायजाम जामुन बिही आंवला एवं छायादार में नीम, गुलमोहर, पीपल, बरगद, करंज, अशोक, खम्हार जैसे पौधे लगाए गए।

इस दौरान सरपंच भीखाराम साहू, उप सरपंच प्रेम सिंह कोसरिया, पंचगण में ढालसिंह यादराम, धर्मदास, सुनीता, कीर्ति, राधा, अंबालिका, मीणा, मंजू एवं सचिव भूपेंद्र कुमार, मकसूदन, प्रताप खुंटेल, खेमलाल साहू, तरुण कुमार साहू, माघवेंद्र, लीलेश्वर, परमेश्वर, किशन, प्रीतम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## चिरपोटी में किया गया पौधारोपण ग्रामीणों ने लिया सुरक्षा का संकल्प



**अंडा।** दुर्गग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिरपोटी के चारागाह ठाकुर देव व ग्राम के विभिन्न स्थान में पौधारोपण किया गया। इस दौरान आम जामुन कदम आंवला, नीम, बरगद का 200 पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों की सुरक्षा करने की सभी ने शपथ ली। इस मौके पर सरपंच पोषण साहू ने कहा कि एक पेड़ 4 ऑक्सीजन सिलेंडर की पूर्ति करती है। हरी-भरी वसुंधरा से ही वनस्पति, जीव, पशु-पक्षी सुरक्षित हैं। सभी लोग समय निकालकर एक पौधा जरूर लगाएं, जिससे चारों तरफ हरियाली रहे। इस दौरान झामित गायकवाड़ उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, योगिता चंद्राकर कृषि सभापति दुर्ग सचिव धरेंद्र देवांगन अमित वर्मा कृषि विस्तारक अधिकारी रोजगार सहायक चंद्र भूषण कोशरे राजू चंद्राकर कमल नारायण तरुण कुंजाम माहेश्वरी चंद्राकर उर्वशी कोशरे योगेश्वरी साहू मालती देव दास छगन साहू सोमन लाल साहू भागवत साहू कुंभकरण कोशरे पीआर साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि सभापति योगिता चंद्राकर ने कहा कि वातावरण को शुद्ध रखना है, तो जरूर पेड़ लगाए क्योकि पेड़ पौधा जीवित रहेंगे तभी हम लोग भी जीवित रहेंगे। पौधे को बड़ा करने का संकल्प लिया और सभी ग्रामीणों को कहा कि इसकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है।

## शहीद कौशल यादव कालेज में किया गया पौधारोपण



गुण्डरदेही। सेवा पखवाड़ा के तहत शहीद कौशल यादव शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही के परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष सोनवानी, सौरभ चोपड़ा, सतीश महोबिया, पार्षद विजय सोनकर, लेखराम साहू, विजय यादव, मुकेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## तहसील कार्यालय परिसर में देवेंद्र ने लगाया पौधा



**डौंडीलोहारा।** देशभर में जनसंघ के निर्माता व भाजपा के प्रेरणा स्त्रोत पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर 23 जून से 6 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश,व जिला संगठन भाजपा के आव्हान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य व जिला भाजपा उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल ने तहसील परिसर डौंडी लोहारा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आंवला का पौधा लगाया। इस दौरान षठबदन साहू अधिवक्ता, धर्मेन्द्र तिवारी दस्तावेज लेखक, स्टाम्प वेंडर सुरेन्द्र राजपूत, अधिवक्ता लिपिक कुशाल साहू अर्जीनवीस सुरेन्द्र सिन्हा, प्रमुख रूप उपस्थित थे।

# शासकीय विद्यालय चौरेल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौरेल में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक गुण्डरदेही कुंवरसिंह निषाद थे, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य बालोद नीतीश मोंटी यादव ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत बालोद संध्या भारद्वाज, सरपंच ग्राम पंचायत चौरेल लवण सिंह चन्द्राकर थे।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनके यादव, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी खेमराज साहू, श्रद्धा ठाकुर, बीआरसी किशोर साहू एवं ब्लॉक के संकुल केंद्र चौरेल के समस्त प्रधानपाठक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अतिथियों ने कक्षा पहली, 6वीं एवं 9वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इसके साथ ही बच्चों को पाठ्यपुस्तक तथा गणवेश का वितरण किया गया।

संकुल प्राचार्य आरपी देशमुख ने आभार प्रकट किया और अंत में विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन एवं प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला चौरेल रोहित ठाकुर द्वारा नेवता भोज में खीर पूड़ी खिलाई गई।

# भाजपा ने किया राहुल का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत जिला अध्यक्ष पवन साहू के मार्गदर्शन में 5 जुलाई को महाविद्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पौधारोपण किया गया। वहीं, डौंडीलोहारा के काली मंदिर के पास राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

भाजपा ने संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हिन्दू विरोधी बयान देने का आरोप लगाते हुए डौंडीलोहारा के विभिन्न वार्डों में उनकी शव यात्रा निकाली। इस दौरान मंडल प्रभारी दिलीप शर्मा, जिला मंत्री जयेश ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, जसराज शर्मा, दारा सिंह भौसार्य, सुरेश देशमुख, युवराज लाल, निवेंद्र सिंह टेकाम, हीरा ठाकुर, पलाश गुप्ता, डोमेंद्र देशमुख, भूषण साहू, टोमन टेकाम, शिव मसिया, हिरेंद्र गायकवाड़, धनेश साहू, मोरध्वज पटेल, दिलीप कोसमा, नीलकमल साहू, भावेश टेकाम, पप्पू ठाकुर, छोटू नायक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### सेवा पखवाड़ा के तहत किया पौधारोपण

वहीं, सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजाति के औषधीय एवं फलदार पौधे लगाए तथा सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय में फैले प्लास्टिक एवं कूड़ा-करकट की साफ-सफाई की। पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, सहायक प्राध्यापक मयंक कुमार मंडावी, डॉ. ईश्वर लाल खरे, पुरूषोत्तम भुआर्य, टुशिका नायक, प्रदीप कुमार खरे, फूलेश्वरी ठाकुर, संजय कुमार ठाकुर कार्यालयीन स्टॉफ दिनेश कुमार साहू, भुवन लाल, खोमेश्वर सारथी, ईश्वर लाल मानकर, घनश्याम सिंह, योगेश कुमार कुल्हरिया, लालू राम फरसिंद का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# चिंचबोड़ में बाल कैबिनेट का गठन, जान्हवी बनीं पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

- लोकतांत्रिक पद्धति से हुआ छात्रसंघ का चुनाव



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिंचबोड़ में शिक्षा सत्र 2024–25 के लिए छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न कराकर बाल कैनिबट का गठन किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रधान पाठक संदीप जोशी के निर्देशन में महत्वपूर्ण पदों के लिए बैलेट पेपर से मतदान किया गया। प्रधानमंत्री के पद पर मानसी व जान्हवी के बीच रोचक मुकाबले में जान्हवी 3 मतों से विजयी रही।

इसी प्रकार उपप्रधानमंत्री पद पर विभाष और जयप्रकाश के बीच मुकाबले में जयप्रकाश ने 23 मतों से जीत हासिल की। पूरी प्रक्रिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को अवगत कराने के उद्देश्य से मतदान प्रकिया से बच्चों को जोड़ा गया। इसके तहत चुनाव अधिसूचना, प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के लिए समय, मतदान के बाद अमिट स्याही का प्रयोग तथा निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करने की गतिविधियां रहीं। चुनाव अधिकारी के रूप में यूथ क्लब के प्रभारी मुकेश साहू, द्रोणकुमार सार्वा व मधु नेताम ने जिम्मेदारी निभाई। अन्य पदों पर गृह मंत्री विभाष कुमार, शिक्षा मंत्री मानसी, खेल मंत्री दुर्गेश, आयुषी, बागवानी मंत्री जयप्रकाश, कामिनी स्वच्छता मंत्री मोक्ष, स्वास्थ्य मंत्री कोमल, सूचना प्रसारण छत्रपाल, नीरा, संस्कृति कुमकुम, कृष्णा, पुस्तकालय तानिया, पीयूष कार्यालयीन हेमपुष्पा, टिकेश्वरी, इकोक्लब तमेश्वर, विकाश, नल जल दुर्गेश, खाद्य मंत्री उकउ टिकेश, प्रदीप सहित मुख्यमंत्री कक्षा 6 वीं शेखर निर्मल, हेमानशी, 7वीं देविका पटेल, विरांशु देवांगन, आठवी युवराज पटेल, भेषकुमारी निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को संस्था प्रधान सन्दीप जोशी ने हार्दिक बधाई दी एवं शाला के संचालन में उनके सहयोग के लिए उनके दायित्यों का बोध कराया।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के नेताओं ने मंत्री तोखन से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के नेता दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष तोखन लाल साहू से मुलाकात कर बधाई दी एवं क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा कर समाधान की मांग की।

भाजपा किसान मोर्चा के नेता पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेंद्र साहू के नेतृत्व में भाजपा किसान नेता बालोद विधान सभा प्रभारी नन्द कुमार ओझा, प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री स्मृति जैन, किसान नेता राजू अग्रवाल, दिल्ली प्रवास के दौरान किसान मोर्चा अध्यक्ष केंद्रिय मंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया एवं समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा किए। मंत्री ने छत्तीसगढ़ किसान नेताओं की बात विस्तार से सुनी और बहुत जल्द छत्तीसगढ़ का दौरा कर हर संभव समाधान करने भरोसा दिलाया। क्षेत्रवासियों से मिलकर मंत्री बहुत प्रसन्न हुए।

